रविवार
24 मार्च 2024



पृष्ठ 4
मनी प्लांट की इस तरह से करें देखभाल, हमेशा रहेगा हरा-भरा



पृष्ठ 5
मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं:डायना पेंटी



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 57
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जिस तरह रंग सादगी को निखार देते हैं उसी तरह सादगी भी रंगों को निखार देती है। सहयोग सफलता का सर्वश्रेष्ठ उपाय है।

— मुक्ता

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## धरना देकर किया आचार संहिता का उल्लंघन

# भाजपा विधायक सहित 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मारपीट के मामले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों को छोड़ने की मांग और एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में धरना देकर आचार संहिता की धज्जियां उड़ाना भाजपा विधायक को भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है। जिसके बाद पुलिस ने भाजपा विधायक आदेश चौहान और भाजपा पदाधिकारियों सहित 150 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी जांच शुरू कर दी गयी है।



पुलिस के अनुसार शुक्रवार को ज्वालापुर में सड़क पर रखे सामान को हटाने को लेकर दुकानदार और बाइक सवार के बीच कहां सुनी हो गई थी। इसके बाद मामला मारपीट में तब्दील हो गया। मामला अलग-अलग समुदाय से जुड़ा होने के चलते पुलिस मारपीट करने के मामले में दुकानदार सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई थी और चारों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया था।

इस बीच रानीपुर से भाजपा विधायक आदेश चौहान समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे थे। उन्होंने कोतवाली में चारों को छोड़ने की बात कही थी। इस बीच कार्यकर्ता कोतवाली परिसर में ही कार्यालय में बैठ गए। पुलिस चारों लोगों को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाने लगी थी, तब विधायक भी ऑटो में बैठकर उनके साथ चल दिए। इसके बाद मेडिकल के लिए जिला अस्पताल में ले जाने पर वहां पहुंचे और अस्पताल में ही विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर बैठ

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

# कांग्रेस को लगा एक और झटकाः एनडी तिवारी के भतीजे ने दिया इस्तीफा

हमारे संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस ने प्रकाश जोशी को अपना उम्मीदवार बनाया है लेकिन उसके बाद कांग्रेस को एक बड़ा झटका मिला है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. एनडी तिवारी के भतीजे दीपक बल्यूटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

उत्तराखण्ड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नाम भेजे गये इस्तीफे के अनुसार दीपक बल्यूटिया का कहना है कि मैं कॉग्रेस के एक वफादार सिपाही होने के नाते 35 वर्षों से लगातार जन सेवा के साथ-साथ जन मुद्दों को उठाता आया हूँ। मैं बेहतर तरीके से समाज की सेवा करना चाहता हूँ। मेरी प्रेरणा रहे उत्तराखण्ड के प्रिय नेता विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी के आदर्शों में चलकर उनके विकास के साथ-साथ उनकी विरासत को आगे ले जाकर समाज की सेवा करना चाहता रहा हूँ, लेकिन कॉग्रेस में एक ऐसे



विद्यार्थी की तरह महसूस करता हूँ जिसने बहुत मेहनत करी पर उसे कभी भी इम्तेहान में नहीं बैठने दिया गया और न प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका दिया गया।

उन्होने कहा कि मुझे मेरे उन सांथियों के लिए बहुत पीढ़ा है जो मेरे साथ नि:स्वार्थ भाव से जुड़े हैं और मेरे साथ मिलकर संघर्ष करते आए हैं। मेरा मानना है कि एक संवैधानिक मुकाम में पहुँचकर जनता की बेहतर सेवा की जा सकती है। लेकिन कॉग्रेस पार्टी द्वारा अवसर देने की बजाय हर समय अनदेखी की गई। जब कोई भी पार्टी का जमीनीं

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया हुए बीजेपी में शामिल

नई दिल्ली। पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता वरप्रसाद राव वेल्लापल्ली भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। दोनों लोगों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर वरप्रसाद राव वेल्लापल्ली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने बीजेपी को ज्वाइन किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की प्रशंसा की। आरकेएस भदौरिया ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भारत के लोगों में नया आत्मविश्वास आया है और सेना में सुरक्षा की दृष्टि से ये बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदीजी का अद्भुत नेतृत्व विकसित भारत बनाने में मदद करेगा। इस मौके पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया और वारा प्रसाद राव का दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि भदौरियाजी को वर्दी में देखता था तो बहुत प्रेरणा मिलती थी। भदौरिया 2019 से 2021 तक वायुसेना प्रमुख के पद पर तैनात रहे थे।



## आतंकी ने मात्र 4 लाख रुपये के लिए रूस में बिछा दी लाशें

मॉस्को। मॉस्को की घटना के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुस्से में हैं और बदला लेने की बात कह रहे हैं। मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए हमले में मरने वालों की संख्या 143 तक पहुंच गई है। जबकि 145 लोग अभी भी घायल बताए जा रहे हैं। हमले की जांच कर रही रूसी एजेंसियों ने अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आखिर किस वजह से ये हमलावर इस तरह के भयानक अटैक के लिए तैयार हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पकड़े गए हमलावरों में एक ने पूछताछ में कबूल किया कि हां उसने लोगों को मारा है। उसने अपनी पैदाइश 17 सितंबर,



1998 की बताई। जब हमलावर से उसका नाम पूछा गया तो उसने अपना नाम शमसुद्दीन फरीदुन बताया। इसके बाद हमलावर से पूछा गया कि उसने ऐसा क्यों किया? मासूम लोगों को मौत के घाट क्यों उतार दिया? इस हमलावर शमसुद्दीन फरीदुन ने बताया कि उसने यह सब पैसे के लिए किया। उसमें करीब 5 लाख रूबल यानी करीब साढ़े 4 लाख भारतीय रुपये देने का वादा किया गया था। फिर हमलावर से पूछा गया कि क्या बीते 4 मार्च को तुम तुर्की में थे। तो उसने हां में जवाब दिया। हमलावर ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गई थी कि हथियार कहां हैं। उन्हें कहां से लेने हैं।

मॉस्को से भी भयानक हमला भारत में हुआ था, 16 साल पहले वाला डरावना मंजर आया याद। दरअसल, मॉस्को में हुए हमले के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को जिम्मेदार बताया है। पुतिन ने कहा कि हमले के बाद आतंकी यूक्रेन भागने की फिराक में थे और आतंकियों से जुड़े कई अहम सबूत उनके हाथ लगे हैं। कि हमले में शामिल सभी 4 आतंकी, जिन्होंने लोगों को मारा, पकड़ लिए गए हैं। आतंकी छिपने के लिए यूक्रेन की तरफ जा रहे थे, यूक्रेन की तरफ से उनके लिए बॉर्डर पार करने का रास्ता तैयार किया गया था।



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने होली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन ने किया होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

देहरादून। ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर चंदन का टीका लगा फूल वर्षा की।

आज यहां ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन ने शिविर कार्यालय टर्नररोड पर होली मिलन का कार्यक्रम किया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड़ ने सभी पदाधिकारी का चंदन का टीका व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया तथा होली की बधाई दी।

इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष नंदन नेगी, महानगर सचिव पूरन शर्मा, छोटेलाल, गौतम, सतनाम सिंह, चंद्रप्रकाश, महासचिव जितेंद्र धीमान, किशोर मंगानीया, वार्ड अध्यक्ष रामजीलाल, सनी गुरूग, शामिल महापात्रा, सुनील कुमार, महिलाओं में बबली देवी, शांति देवी, ब्रह्मपाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा विधायक सहित 150 लोगों ...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

गए और जमकर नारेबाजी की।

मामल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया, जिसके बाद नगर कोतवाली में भाजपा विधायक सहित 150 लोगों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी जांच जारी हैं।

## कांग्रेस को लगा एक और झटकाः एनडी..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

कार्यकर्ता जमीन पर पार्टी के लिए काम करता हो और पार्टी के शीर्ष नेता आपके किए संघर्ष व कार्य को सम्मान करने की बजाय आपको नजरंदाज करें तो बहुत पीड़ा होती है। पार्टी में तमाम गतिरोध व मनोबल गिराने के बावजूद निरन्तर कार्य करना आसान नहीं है बावजूद इसके 35 वर्षों से एक कर्मठ कार्यकर्ता व वफादार सिपाही की तरह सेवा करता रहा हूँ। मैं उन सभी शुभ चिंतकों और मेरे संघर्ष की यात्रा में सांथ रहे सांथियों से इस आत्मनिर्णय के लिए तहेदिल से क्षमा चाहता हूँ और विश्वास दिलाता जन मुद्दों के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा।

अभी नवन्ते अद्रुहः प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्।
वत्सं न पूर्वं आयुनि जातं रिहन्ति मातरः।।
(ऋग्वेद ९-१००-१)

जिस प्रकार गाय अपने उत्पन्न हुए नए बछड़े को चाटती है और स्नेह प्रदान करती है। उसी प्रकार जो प्रबुद्ध उपासक दुर्भावना और ईर्ष्या से दूर है, और उत्तम कर्म करता है वह परमेश्वर को उतना ही प्रिय है।

# महंगी व यूनिक चीजों को खरीदना बेहद पसंद करती हैं इन राशियों की लड़कियां!



हमारे स्वभाव, पसंद, नापसंद पर ज्योतिषशास्त्र का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसतरह ही किसी की भी रूचियों, पसंद, नापसंद, स्वभाव के बारे में काफी हद तक उसकी राशि से पता लगाता जा सकता है। ऐसे में जहां कुछ लोग शांत व धीरज रखने वाले होते हैं, उसी तरह कुछ हर चीज में अपना गुस्सा दिखाने में माहिर होते हैं। इसी तरह बहुत से लोग पैसों को संभालना तो कई हाई लाइफ- स्टाइल जीना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम राशि के हिसाब से उन 5 राशियों की लड़कियों के बारे में बताते हैं, जिनमें से अधिकांश को खर्चीली स्वभाव की कहा जा सकता है। इन्हें महंगी व यूनिक चीजों को खरीदना बेहद अच्छा लगता है।

वृष राशि

इस राशि की लड़कियों को महंगी चीजों, कपड़े, जूते आदि का बेहद शौक होता है। ऐसे में ये लड़कियां हाइ लाइफ-स्टाइल जीन पसंद करती है। इन्हें हर चीज अच्छी व क्वालिटी की खरीदना पसंद होता है। हम यूं भी कह सकते हैं कि इस राशि की लड़कियां सस्ती चीजें बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है। ऐसे में अगर इन्हें कोई गिफ्ट भी देना चाहे तो ये हाई क्वालिटी व महंगी चीजों का ही शौक रखती है।

सिंह राशि

ये लड़कियां अपनी राशि के अनुसार ही काफी आक्रामक मानी जाती हैं। इनकी जिंदगी में रुपये-पैसों की कोई वैल्यू नहीं होती। हम ऐसे भी कह सकते हैं कि पैसों के मामले में ये बेहद दिलदार किस्म की होती है। ऐसे में जहां पैसा खर्च करने की बात आती है तो यह सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों पर भी खर्च करने को तैयार रहती हैं। बहुत बार इनके द्वारा कोई महंगी चीज खरीदने का मतलब दूसरों को गिफ्ट देना होता हैं। इसतरह सिंह राशियों की लड़कियां हाई लाइफ स्टाइल जीने के साथ बहुत महंगे शौक रखती है।

धनु राशि

इस राशि की लड़कियां स्वतंत्र सोच-विचार की होने से अपनी मर्जी के मुताबिक जिंदगी जीना पसंद करती हैं। ये जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल करती है। ऐसे में आर्थिक स्थिति मजबूत होने से ये पैसों में को खर्च करने से नहीं कतराती हैं। इन्हें नई और महंगी चीजों को खरीदने का शौक होता है। ऐसे में ये इनके पास यूनिक और महंगी चीजों का कलेक्शन होता है। इसके साथ ही ये अपने पार्टनर में भी इसी खूबी की तलाश में होती है।

मकर राशि

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, इस राशि की लड़कियां बहुत ही पैशनेट और हार्डवर्किंग होती है। ऐसे में ये खूब पैसा कमाती है।

बात अगर किसी चीज को खरीदने की आए तो अच्छी चीजों के सामने पैसे नहीं देखते हैं। इस राशि के लोगों को थोड़ा स्वार्थी माना जाता हैं। साथ ही इनके बारे सोचा जाता है कि ये अपने बारे में ज्यादा सोचते हैं। ऐसे में ये शॉपिंग करने में पैसों को खर्च करने से कतराती नहीं है। साथ ही इन्हें ऑनलाइन शॉपिंग करना बेहद पसंद होता हैं। साथ ही इन्हें ऐसे पार्टनर की तलाश में रहती है जो इनके सारे शौक पूरे कर सके।

कुंभ राशि

इस राशि की लड़कियों को हर चीज एकदम परफेक्ट चाहिए होती है। ऐसे में चाहे उसे खरीदने के लिए इन्हें काफी खर्च करना पड़े। मगर फिर भी ये पीछे नहीं हटती। इन्हें महंगे, नए और अलग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेना पसंद होता है। उदाहरण के तौर पर अगर बाजार में कोई नया फोन आए तो ये उसे खरीदने के बारे में सोचने लगेंगे। ऐसे में हम यह भी कह सकते हैं कि इन लड़कियों को बेमतलब खर्च करने की आदत होती है।

# शहद खाने से कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षित रहते हैं

पेट की जलन शांत करने से लेकर दिमाग को शांत करने तक शहद कई तरह से हमारे शरीर को लाभ पहुंचाता है। लेकिन जो लोग नियमित रूप से शहद का सेवन करते हैं, वे कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षित रहते हैं। यहां जानें नियमित रूप से शहद खाने के लाभ...

थकान भगाए शहद

- तनाव के कारण हम सभी लोगों को शरीर में भारीपन और कई घंटों तक लगातार बैठे रहने के चलते मांसपेशियों में जकड़न की समस्या का सामना करना पड़ता है।

-इन समस्याओं को दूर करने में शहद अहम भूमिका निभा सकता है। क्योंकि शहद में नैचरल ग्लूकोज और फ्रक्टोज होता है। ग्लूकोज शरीर में पहुंचते ही तुरंत थकान दूर करता है।

-तो वहीं फ्रक्टोज के अवशोषण की प्रक्रिया धीमी होती है। इसलिए यह शरीर में धीरे-धीरे घुलता रहता है और लंबे समय तक शरीर को ऊर्जा प्रदान करता रहता है।

अच्छी नींद लाए शहद

-जिन्हें नींद संबंधी समस्याएं हों उन्हें, हर दिन दो समय शहद का सेवन करना चाहिए। आप रात को सोने से पहले हल्के गुनगुने दूध में शहद मिलाकर इसका सेवन करें। आपको लाभ होगा। क्योंकि शहद और दूध का मिश्रण आपके दिमाग को शांत करने का काम करता है।

शुगर से बचाए शहद

-शहद में प्राकृतिक ग्लूकोज और फ्रक्टोज होता है। यह मेल आपके शरीर में ब्लड शुगर का स्तर नहीं बढ़ने देता है। इसलिए जिनकी फैमिली में शुगर हिस्ट्री हो या जिन्हें डायबिटीज टाइप-2 की समस्या हो रही हो, उन्हें हर दिन सीमित मात्रा में शहद का उपयोग करना चाहिए।



पाचन बढ़ाए शहद

-पाचनतंत्र को ठीक करने में भी शहद बहुत अधिक उपयोगी है। जिन्हें कब्ज की समस्या हो उन्हें हर दिन दो बार शहद का उपयोग करना चाहिए। आप सुबह और शाम के समय एक से दो चम्मच तक शहद का सेवन कर सकते हैं। इससे आपके शरीर को भोजन पचाने में सहायता होगी साथ ही मोशन स्मूद होगा।

जल्दी घाव भरे शहद

-अगर आपको किसी भी कारण चोट लग गई है और आप इसकी दवाई ले रहे हैं। तो आप अपनी डेली डायट में शहद को भी शामिल कर सकते हैं। शहद आपकी कोशिकाओं की रिपेयर स्पीड बढ़ाने का काम तेज करता है। इससे घाव भरने का समय कम हो जाता है और आप जल्दी ठीक हो जाते हैं।

जलन मिटाए शहद

-पेट में हो रही जलन या त्वचा पर कुछ गर्म लग जाने के कारण होनेवाली जलन दोनों में ही शहद बहुत अधिक लाभकारी होता है। पेट की जलन को शांत करने के लिए आप एक से दो चम्मच शहद धीरे-धीरे चाटकर खाएं। आपको तुरंत राहत महसूस होगी।

-यदि कहीं कुछ गर्म लग गया है या त्वचा पर सनबर्न के कारण जलन हो रही है तो आप शहद में गुलाबजल या दही मिलाकर त्वचा पर लगा सकते हैं। इससे आपको तुरंत राहत का अनुभव होगा।

त्वचा दमकाए शहद

-अगर आपकी त्वचा पर किसी दवाई के रिऐक्शन के बाद या किसी इंफेक्शन के बाद दाग और निशान रह गए हैं तो आप इन्हें दूर करने के लिए भी नियमित रूप से शहद लगा सकते हैं। इस दौरान शहद खाना भी आपकी त्वचा को जल्दी ठीक करने में सहायता करेगा।



## होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीन रविवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सभी को अबीर-गुलाल लगाते हुए रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने भी मुख्यमंत्री को होली की शुभकामनाएं दी तथा होली से सम्बंधित पारम्परिक गीत- श्याम मुरारी के दर्शन को जब विप्र सुदामा आए हरि, आयो वसंत बहार, शिव शंकर खेले होली, फागुन में खेला होली, शिव के मन माहि बसे काशी, खड़ी होली के गीत गाते हुए ढ़ोल-दमाऊ के बीच एक-दूसरे को बधाई दी।

## निवेश के नाम पर आईआईटी के पूर्व प्रोफेसर से ठगे पांच लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। निवेश के नाम पर आईआईटी धनबाद के पूर्व प्रोफेसर के साथ पांच लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार निवासी प्रेमप्रकाश बहुगुणा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह धनबाद (झारखंड) में आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर है। उन्होंने बताया कि उसने फेसबुक पर एक प्रोग्राम का विज्ञापन देखा जो शेयरों का विश्लेषण और निवेश करना सिखाएगा। कुछ दिनों के बाद उन्होंने उसे सदस्य बनने और धीरे-धीरे उनकी कंपनी के माध्यम से उनकी सलाह के अनुसार नीचे दिए अनुसार निवेश करने के लिए कहा। उसने एलियांज ग्लोबल इन्वेस्टर्स नाम की एक संस्थागत निवेश (शेयर) कंपनी में लगभग 5 लाख रुपये का निवेश किया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह कंपनी फ्रैंकफर्ट जर्मनी में स्थित है। उनके भारत कार्यालय का पता एलियांक्सज ग्लोबल इन्वेस्टर्स, ऑफिस नंबर 66, 3- नॉर्थ मेकर मैक्सिटी बांद्रा कुलरा कॉम्प्लेक्स मुंबई है। कंपनी ने सभी निवेशकों को ऑल-वे नामक एक ऐप (सॉफ्टवेयर) प्रदान किया है जिसमें शेयरों की सभी खरीद और बिक्री शामिल है। मुनाफा, लेन-देन, निकासी आदि की जाती है, रिकार्ड की जाती है और उसे वहां देखा भी जा सकता है। उसने उस कंपनी में उस ऐप में ट्रेडिंग भी शुरू कर दी थी। लोगों को लुभाने और धोखा देने के लिए व्हाट्सएप एक समूह द्वारा संचालित किया जाता है और उनके भारत प्रमुख का नाम अर्जुन कपूर है और उनके सहायक मीरा गुप्ता हैं। उसने जब अपना रूपया निकालने के लिए कहा तो वह आनाकानी करने लगे। जिसके बाद उसको विश्वास हो गया कि उसके साथ धोखाधडी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



## होली रंगों का पर्व है इसमें बेजा जल का इस्तेमाल करना अनुचित:ललकार

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रवादी आरटीआई एक्टिविस्ट एवं हयूमन राइट्स फेडरेसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह ललकार ने कहा कि होली रंगों का पर्व है। इसमें बेजा जल का इस्तेमाल करना अनुचित है। आज राष्ट्रवादी आर टी आई एक्टिविस्ट एंड ह्यूमन राइट्स फेडरेसन भारत की बैठक चुक्खुवाला में आयोजित की। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह ललकार ने कहाँ होली रंगों का पर्व है जिसमें बेजा पानी का उपयोग उचित नहीं है। हमें होली का पर्व शालीनता के साथ रंगों के द्वारा मना ना चाहिए जल सरक्षण हम सब की नैतिक व समाजिक जिम्मेदारी है जल ही जीवन है। इस अवसर पर राष्ट्रीय माहमंत्री वेद गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण गोपाल रुहेला, संगठन सचिव एडवोकेट मनीष, व अमित वर्मा, अरविन्द मल्होत्रा, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार भट, प्रदेश प्रभारी राजकुमार, हेमंत शर्मा, जिलाध्यक्ष शिवम पंडित, हरीश नारंग, सचिन सोंधी, लक्ष्मी पाल, सौरव डोभाल, सतेंद्र भंडारी, सतीश कपूर, कृष्ण गोपाल रुहेला आदि मौजूद थे।

# कथनी-करनी की साम्यता से ही श्रेष्ठता

दिनेश चमोला शैलेश

उपदेश देना जितना सरल है, आचरण करना उतना ही कठिन है। कोई भी बात कहने व सुनने में जितनी सहज दिखाई व सुनाई देती है, वह भी व्यवहार के धरातल पर उतनी सहज नहीं होती। प्रायः बड़े-बुजुर्ग तथा तथाकथित श्रेष्ठजन को, अपने से छोटों को, यह कहते हुए सुना जाता है कि अमुक कार्य करना चाहिए व अमुक कार्य नहीं करना चाहिए; सदैव अपने खून-पसीने की कमाई में से अधिकाधिक दान देना चाहिए; त्याग व निष्काम भावना के कार्य करने चाहिए; सत्याचरण करना चाहिए; संसार व भौतिकता के प्रति अनासक्ति का भाव रखना चाहिए; सदा सच बोलना चाहिए; कड़वे वचन बोलकर किसी का हृदय नहीं दुखाना चाहिए; किसी की निंदा-चुगली नहीं करनी चाहिए; पद, प्रतिष्ठा व कृत्रिम आकर्षणों की ओर नाहक नहीं भागना चाहिए; जो कुछ ईश्वर या प्रारब्ध ने आपको दे दिया है, उसी से संतोष करना चाहिए; भली-भांति विचार मंथन कर ही वाणी का प्रयोग करना चाहिए; दूसरे का हक नहीं मारना चाहिए; किसी के साथ छल नहीं करना चाहिए; अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए... आदि ऐसे उक्तिपरक उपदेशों की अनंत शृंखला है।

किंतु यदि श्रेष्ठ व गुणी संतों की बात को छोड़ दें तो व्यवहार के धरातल पर इनमें से पचीस से तीस प्रतिशत या उससे भी कम बातें उनके आचरण में मुश्किल से दिखाई देती हैं। फिर नाहक उपदेशों का भला महत्व क्या है? संत कवि तुलसीदास आचरण की कसौटी पर खरे न उतरने वाले उन उपदेशों की प्रयोजनीयता पर अपना स्पष्ट प्रश्नचिह्नित अभिमत यूं व्यक्त करते हैं :-

पर उपदेश कुशल बहुतेरे।
जे आचरहिं ते नर न घनेरङ्क
(रामचरितमानस, 6/78/2)

किसी के श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्धारण कथनी व करनी के व्यावहारिक धरातल की साम्यता पर ही निर्भर करता है। कर्मशील व्यक्ति का आचरण ही उपदेशों से कई गुणा श्रेष्ठता लिए होता है। गरजने वाले बादल कम बरसते हैं। किंतु जिन्हें बरसना होता है,उसकी तुलना में वे कम गरजते हैं। उनका चुपचाप बरसना ही उनकी कृपा, दया, औदार्य व करुणा तथा विशाल-हृदयी होने का परिचायक है। अज्ञानी शिष्य को अज्ञानता के गहन अंधकार से बाहर निकालने में वही गुरु सक्षम हो सकते हैं जो ज्ञान, कर्म, आचरण, आदर्श, चरित्र आदि में शिष्य से कई गुणा अधिक क्षमता व गुणों के स्वामी हों। कबीरदास के शब्दों में :-

जाका गुरु भी अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधा, अंधा ठेलिया, दोनों कूप पड़न्तङ्क

उपदेशक होना, गुरु होना है... और गुरु होना, ज्ञान, अनुभव, आचरण, व्यावहारिकता में श्रेष्ठतर होना है। अपने शिष्यों को पूर्ण कौशल से वही गुरु योगाभ्यास कराने में सक्षम हो सकते हैं, जिन्होंने स्वयं व्यावहारिक रूप में उन्हें किया व जिया हो। अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के उजास भरे प्रकाश की ओर ले जाने में कोई सक्षम व ज्ञानवान गुरु ही समर्थ हो सकते हैं।

आज समाज में ऐसे लोगों की संख्या बहुतायत में है, जिनकी कथनी और करनी में पर्याप्त अंतर दिखाई देता है। यह बात दीगर है कि प्रायः राजनीति से जुड़े हुए लोगों को इन सब बातों का श्रेय मढ़ा जाता है किंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। जो लोग शब्द की उपासना करते हैं, वे ही प्रायः शब्द का अपव्यय भी करते हैं। उनके लिए शब्द साधना नहीं, बल्कि इनकैशमेंट सदृश है। वह जब चाहें तब इनके प्रयोग से अपने स्वार्थों की पूर्ति कर बड़े-बड़े पद, पुरस्कार, समितियों की सदस्यता से लेकर अपने लिए कई प्रकार के हितलाभ के विकल्प ढूंढ सकते हैं व दूसरों को शब्द की मितव्ययता का पाठ पढ़ा सकते हैं। ऐसे आचरणहीन पाठ का भला क्या औचित्य? ऐसे तथाकथित उपदेशक जिन-जिन व्यावहारिक गुणों की अपेक्षा दूसरों से करते हैं, उन्हीं का उल्लंघन वे प्रायः अपने दैनंदिन जीवन में आए दिन करते रहते हैं।

सार रूप में, कथनी व करनी की कसौटी में खरे उतरने वाले गुरु ही असली उपदेशक हो सकते हैं तथा उन्हीं से जगत का कल्याण संभव है। कोरी उपदेशात्मकता केवल अपनी ही महत्वाकांक्षाओं, उदर व स्वार्थ-पूर्ति तो कर सकती है, लेकिन किसी भी रूप में मूल्य व आदर्श का निर्माण नहीं।

अतः आज सत्याचरण की दीक्षा देने वाले ऐसे ही उपदेशक गुरु की आवश्यकता है :-

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमःङ्क

अर्थात् खंडमंडलाकार स्वरूप जिस चराचर जगत, जिस सत्ता से व्याप्त है या जो ईश्वर इस चराचर जगत में सर्वत्र समाया है, उस ईश्वर के चरण कमलों के दर्शन कराने वाले श्री गुरु चरणों में मैं नमन करता हूं।

पवित्र, गुणधर्मी व तपस्वी गुरु ही सदैव वंदनीय व पूजनीय हैं।

# बदलोगे नज़रिया तो बदल जाएगा नज़ारा

नरपतदान बारहठ

नजरिया यानी कि आपकी नजर में आपने क्या देखा, सोचा। नज़रिया हमारे व्यक्तित्व का एक अहम हिस्सा है। हमारा नजरिया ही हमारी जीवन यात्रा की दशा और दिशा तय करता है। सहज रूप में देखें तो आप किसी चीज को किस नजर और इरादे से देखते हैं वही आपके जीवन का नजरिया होता है। यह सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का होता है। जब आपकी नजर निगेटिव यानी नकारात्मक हो जाती है तो नजरिया निराशा और दुख का सबब बन जाता है, और जब यह पॉजिटिव यानी सकारात्मक रूप ले लेता है तो जीवन सहज और सरल दिखने लगता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आप निगेटिव नजरिए को पॉजिटिव में रूपांतरित कैसे कर सकते हैं।

इसका जवाब है। रूपांतरण आपकी सोचने-समझने की क्षमता पर निर्भर करता है। आप जो दुख महसूस करते हुए जो सोच रहे हो, उसके विपरीत सोचना शुरू कर दीजिए। आपने सुना होगा कि अक्सर कहा जाता है कि 'नज़रिया बदलने से नजारे बदल जाते हैं।' तो बस इतना भर ध्यान रखना है कि कोई भी घटना हो, उसे दुखदाई ना मानकर,उसे स्वीकार कर, उसे एक नयी सीख देने वाली बात मानकर, और आगे का रास्ता सहज मानकर अग्रसर होना ही पॉजिटिव नजरिये की स्थापना का मार्ग है।

इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। जैसे कि कोई एक आदमी कई मुसीबतों का सामना करता है और सोचता है कि गत माह मेरा पांव दुर्घटना का शिकार हुआ, ज्यादा इंजरी के कारण ऑपरेशन किया गया। इसके कारण मुझे बहुत लंबे समय तक बिस्तर पर रहना पड़ा। इस दौरान मेरे अन्य साथी मुझसे बहुत आगे निकल गये। यही नहीं, बीते दिनों ही बेटा कार दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण, आईएएस की परीक्षा में फेल हो गया क्योंकि उसे बहुत दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ा। कार की टूट-फूट का नुकसान हुआ, वो अलग। यह मेरे लिए बहुत दुखदाई समय है। मैंने आखिर ईश्वर का क्या बिगाड़ा था। इतना कुछ नुकसान हो गया। अब क्या होगा पता नहीं। ...इस तरह सोचना ही निगेटिव नजरिया है।

अब इसकी जगह अगर वह आदमी यह सोचता कि आखिरकार मुझे उस पांव की चोट से छुटकारा मिल ही गया, जिसके कारण मैं कई दिनों से असहाय दर्द से परेशान था। और ये भी अच्छा ही हुआ कि भगवान ने दुघर्टना में मेरे इकलौते बेटे की रक्षा की। कार टूट-फूट गई, उसको ठीक करा दूंगा, लेकिन मेरे बच्चे की जिंदगी तो बच गई। उसे नयी जिंदगी तो मिली ही और हांथ-पांव भी सही सलामत हैं। शुक्र है कि मेरा यह समय अच्छा रहा। इस समय में मुझ पर भगवान की बहुत कृपा रही। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि, ऐसे ही सदैव मुझ पर अपनी कृपा-दृष्टि बनाये रखना।

बस इस तरह सोचना पॉजिटिव नजरिया है, जो जीवन को सुख का आभास दे सकता है। तो यहां देखने वाली बात यह भी है कि इसका सबक यह भी है कि हमारा नजरिया हमारी सफलता और जीवन पर बहुत बड़ा असर डालता है। इसलिए हमें स्वयं को, अपने परिवार और मित्रों को हमेशा सकारात्मक नजरिया रखना और देना चाहिए। किसी भी बात पर पूर्ण राय बनाने के पूर्व, अलग कोण से सोचिये और फिर निर्णय लीजिये। हर चीज में सुख ढूंढने की आदत बनाइये। मुसीबतों में अवसर ढूंढ़ने का प्रयास करिए क्योंकि सिर पकड़कर बैठे रहने से कुछ हासिल भी नहीं होने वाला। ज्यादातर लोग अपने क्षेत्र में इसलिए सफल नहीं हो पाते क्योंकि वे हमेशा नकारात्मक नजरिए पर ही अपने नजरें गड़ाते हैं। यदि आपको अपने जीवन में सफल होना है तो आपको अपने अन्दर सकारात्मक नजरिया विकसित करना होगा। सफलता का प्रतिशत तब तक नहीं बढ़ेगा जब तक आप अपने अन्दर सही नजरिये वाला बीज नहीं बो देते। इन तरीकों को अपनाकर नज़रिया बदल सकते आप...

- उस समस्या/ क्षेत्र की पहचान करें, जिसके लिए नज़रिया बदलने की ज़रूरत है।
- अपनी वर्तमान मौलिक सकारात्मक धारणाओं की एक सूची तैयार करें।
- वर्तमान स्थिति को विभिन्न आयामों से देखने की कोशिश करें। रचनात्मक और अभिनव सोच का इस्तेमाल करें ।
- कई बार विचार मंथन के ज़रिये स्थिति के विभिन्न आयामों से कल्पना कर पाना संभव होता है।

# न करें केमिकल वाले शैंपू का इस्तेमाल, घर पर ही इन चीजों से धोएं अपने बाल

हम शैंपू का उपयोग किए बिना बालों को धोने की शायद ही कभी सोंच पाएं। लेकिन आप खुद अगर गौर करें तो आप पाएंगे कि मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर शैंपू केवल केमिकल से भरे होते हैं। मार्केट में ऐसे भी शैंपू उपलब्ध हैं, जो दावा करते हैं कि उनमें प्रयोग की जाने वाली सभी सामग्रियां नेचुरल हैं। इसलिए या तो वह महंगे मिलते हैं या फिर उनमें किसी भी तरह की कोई सच्चाई नहीं होती।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाल को साफ करने के कई तरीके मौजूद हैं, जिसका उयोग करने के बाद आपके बाल साफ, हेल्दी और चमकदार हो सकते हैं। कुछ प्राकृतिक उत्पाद हैं जिनका उपयोग अपने बालों को प्रभावी रूप से धोने के लिए किया जा सकता है। आइए जानते हैं उनके बारे में...

शिकाकाई

इस प्राकृतिक जड़ी बूटी में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं,



जो संक्रमण से बचाने का काम करती है और बालों को मॉइस्चराइज करती है। यह बालों को जड़ों से पोषण देती है और उन्हें टूटने से बचाती है। शिकाकाई के नियमित उपयोग से बालों का गिरना भी रुक जाता है और बालों का समय से पहले सफेद होना भी रुकता है।

बालों के लिए शिकाकाई का उपयोग कैसे करें?

आप शिकाकाई खरीद कर इसे घर पर ही पीस सकते हैं। इन दिनों, पीसी हुआ शिकाकाई भी आसानी से उपलब्ध है। एक या दो चम्मच शिकाकाई पाउडर लें और थोड़ा पानी मिलाकर इसका गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस मिश्रण को बालों में लगाएं और अच्छी तरह से धो लें।

रीठा

शिकाकाई की तरह, रीठा भी एक पौधे से पाया जाने वाला उत्पाद है। यह एक ऐसा बीज है जिसे पानी में भिगोना पड़ता है। रीठा पाउडर भी बाजार में उपलब्ध है। डैंड्रफ को रोकने के लिए रीठा अच्छा है।

बालों के लिए रीठा का उपयोग कैसे करें?

बालों की लंबाई के आधार पर आप रीठा के एक या दो चम्मच ले सकते हैं और इसे कुछ पानी के साथ मिला सकते हैं। इस मिश्रण का उपयोग बालों को धोने के लिए किया जा सकता है। इसे समान रूप बालों में लगाएं और धीरे-धीरे सिर की मालिश करें। इसे लगभग 3-4 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर बाल धो लें।

मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी एक प्राकृतिक औषधीय मिट्टी के रूप में जानी जाती है। इसका उपयोग पुराने समय से ही बाल धोने के लिए और चेहरे पर चमक बढ़ाने के लिए किया आता जा रहा है। इसे बालों में लगाने से बॉलों में चमक बढ़ती है और स्कैल्प से ऑयल साफ होता है।

बालों के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग कैसे करें?

1 या 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी (बालों की लंबाई के आधार पर), एक चम्मच शहद और 1/4 कप दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे स्कैल्प पर लगाएं और लगभग 15 मिनट तक छोड़ दें। सिर की मालिश करें और फिर पानी से अच्छी तरह से धो लें।

बेसन

बेसन, जो आमतौर पर भारतीय रसोई में उपलब्ध होता है, बाल धोने के लिए भी उपयुक्त माना जाता है। इसमें प्रोटीन होता है, जो बालों की ग्रोथ में मदद करता है। यह बालों में मौजूद गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है।

बालों के लिए बेसन का उपयोग कैसे करें?

लगभग 2-3 चम्मच बेसन, 2 चम्मच जैतून का तेल और 2 चम्मच नींबू का रस लें। स्ट बनाने के लिए थोड़ा पानी डालें। स्कैल्प पर इस मिश्रण को लागाएं और इसे लगभग 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर अच्छी तरह से बाल धो लें।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# मनी प्लांट की इस तरह से करें देखभाल, हमेशा रहेगा हरा-भरा



वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर घर में हरा-भरा मनी प्लांट लगा हो तो धन की कभी कमी नहीं आती। वैसे अब कई लोग मनी प्लांट को वास्तु की बजाय अपने घर को खूबसूरत बनाने के लिए लगाते हैं। हालांकि कई बार यह देखने में आता है कि मनी प्लांट की सही देख-रेख न की जाए तो यह जल्दी मुरझाने लगता है। आइए आज हम आपको कुछ टिप्स देते हैं जिन्हें अपनाकर मनी प्लांट को हमेशा हरा-भरा रखा जा सकता है।

मनी प्लांट की मिट्टी को समय-समय पर चेक करते रहना जरूरी है। इस पौधे की मिट्टी न तो बहुत गीली होनी चाहिए और न ही ज्यादा सूखी बल्कि ऐसी हो जिसमें नमी बनी रहे। हो सके तो मनी प्लांट को एक ऐसे गमले में रखें जिसमें नीचे की ओर छेद हों और मिट्टी से अतिरिक्त पानी गमले से बाहर निकल सके। अगर आपने मनी प्लांट घर में लगाया है तो इसके गमले के नीचे एक प्लेट लगा दें।

अगर आप मनी प्लांट को तेज धूप में रखते हैं तो इसकी पत्तियां सूखने लग जाती हैं। इसलिए अगर आपने अपने गार्डन में मनी प्लांट लगाया हुआ है तो इसके गमले के ऊपर शेड लगवाएं ताकि पौधे को जरूरत भर की धूप और हवा मिल सके। हालांकि अगर आप शेड नहीं लगवा सकते हैं तो इसे किसी सूती कपड़े से ढकें। वहीं, अगर घर के अंदर मनी प्लांट लगाया हुआ है तो इसे बंद कांच वाली खिड़की के पास रखें। अब गर्मी बढ़ने लगी है तो ऐसे में जरूरी है कि मनी प्लांट के गमले में रोजाना पानी डाला जाए। हालांकि, ध्यान रखें कि पौधे में डाला जाने वाला पानी अधिक न हो क्योंकि इससे यह खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप पौधे के गमले में एक से दो मग पानी डालें। अगर आपने घर के अंदर मनी प्लांट को किसी कांच की बोतल में लगाया हुआ है तो इसके पानी को हर दूसरे दिन बदलें।

समय-समय पर मनी प्लांट की ट्रिमिंग करना बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह बढ़ता ही चला जाएगा और इससे न सिर्फ इसका लुक खराब होगा बल्कि इसकी देखभाल करना भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, मनी प्लांट की पीली, मुरझाई और खराब पत्तियों को भी पौधे से अलग कर दें क्योंकि ऐसी पत्तियों से अच्छी पत्तियों को नुकसान पहुंचने का डर बना रहता है।

अगर आप मनी प्लांट के पौधे को खराब होने से बचाकर रखना चाहते हैं तो इसमें समय-समय पर खाद डालते रहें। खाद के रूप में हमेशा ही जैविक खाद का इस्तेमाल करें क्योंकि रासायनिक खाद पौधे के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकते हैं। हालांकि, अगर अभी लॉकडाउन के कारण आपको कहीं से जैविक खाद नहीं मिल रहा है तो आप खाद के तौर पर केले और अंडों के छिलकों का इस्तेमाल कर सकते हैं।



# माइग्रेनः कम उम्र में मौत का खतरा

माइग्रेन से पीड़ित महिलाओं में हृदयाघात और स्ट्रोक का खतरा धीरे-धीरे बढ़ता है और इन कारणों से उनकी मौत वैसे लोगों की तुलना में पहले हो सकती है जिन्हें माइग्रेन नहीं है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इस अध्ययन से यह पता चलता है कि माइग्रेन को हृदय संबंधी रोगों के परिपेक्ष्य में गंभीर खतरे की तरह देखा जाना चाहिए।

माइग्रेन का संबंध स्ट्रोक बढ़ने के खतरे से रहा है लेकिन कुछ अध्ययनों के अनुसार माइग्रेन और हृदय संबंधी रोगों का संबंध मृत्यु से है। जर्मनी के इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ और अमेरिका के हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने माइग्रेन, हृदय संबंधी रोग और मृत्यु के बीच संबंधों को लेकर व्यापक संदर्भ के साथ अध्ययन किया।

## शब्द सामर्थ्य -113

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# बॉक्स ऑफिस पर शैतान का जलवा बरकरार, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 150 करोड़ के पार

अजय देवगन की 'शैतान' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है. फिल्म में आर माधवन की खलयानकी लोगों को बहुत पसंद आ रही है. हर दिन ये सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कलेक्शन कर रही है. यहां तक कि हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' और अदा शर्मा की 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' का भी 'शैतान' के कलेक्शन पर कुछ खास असर नहीं पड़ रहा है. चलिए जानते हैं कि अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म ने दूसरे सोमवार बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ का बिजनेस किया है.

बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से ही 'शैतान' का डंका बज रहा है. पहले दिन फिल्म ने 14.75 करोड़ रुपये का जबरदस्त कलेक्शन किया था. फिल्म ने दूसरे दिन 18.75 करोड़, तीसरे दिन 20.5 करोड़, चौथे दिन 7.25 करोड़, पांचवें दिन 6.5 करोड़, छठवें दिन 6.25 करोड़ और सातवें दिन 5.75 करोड़ रुपये की कमाई की. 8वें दिन 'शैतान' ने 5.05 करोड़ और 9वें दिन 8.5 करोड़ और 10वें दिन 9.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' ने 10वें दिन ही 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था. ऋतिक रोशन की 'फाइटर' के बाद 'शैतान' दूसरी फिल्म बन गई है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में एंट्री मारी है. अब इसके 11वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक, 'शैतान' ने दूसरे सोमवार को देशभर में 3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह भारत में अब तक फिल्म की टोटल कमाई 106.05 करोड़ हो चुकी है. देश ही नहीं बल्कि विदेशों मे भी अजय देवगन और आर माधवन की 'शैतान' छप्पफाड़ कलेक्शन कर रही है. ये फिल्म अब तक दुनियाभर में 152.11 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है. अब 'शैतान' तेजी से 200 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है. गौरतलब है कि अजय देवगन और आर माधवन की हॉरर फिल्म 'शैतान' 8 मार्च को सिनेमाघरों मे रिलीज हुई थी. इसका डायरेक्शन विकास बहल ने किया है. दरअसल ये गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक है. शैतान में अजय देवगन और आर माधवन के अलावा ज्योतिका और जानकी बोदीवाला ने अहम भूमिका निभाई है.

# याशिका आनंद ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं दिलकश तस्वीरें

अभिनेत्री याशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना लेती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस मदहोश हो गए हैं. इन तस्वीरों में याशिका आनंद लाइट मेकअप, रेड लिपस्टिक और खुले बालों के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं. वह तस्वीरों में अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है. तस्वीरों को शेयर करते ही याशिका के फैंस ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है. कोई उन्हें उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है, तो कोई हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपना प्यार जता रहा है.

याशिका आनंद एक भारतीय एक्ट्रेस और मॉडल हैं जो मुख्य रूप से तमिल फिल्मों और टेलीविजन शो में काम करती हैं. उनके अभिनय के तो ज्यादा चर्चे नहीं लेकिन अपनी बोल्ड पिक्चर्स से जरूर वे आए दिन ही लोगों का अटेंशन लेती हैं. अभिनेत्री ने गौतम कार्तिक की एडल्ट कॉमेडी फिल्म इरुत्तु चिम्बा मुराद्दु कुथु में दिखीं जो युवा दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय हुई. एडल्ट कॉमेडी फिल्म को करने के बाद यशिका की लोकप्रियता में भी काफी इजाफा हुआ.

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई में भारी गिरावट

सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी फिल्म योद्धा को समीक्षकों के साथ दर्शकों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हैइसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा एक कुशल सैनिक के किरदार में हैं, जो हाइजैक विमान को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।योद्धा ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कुछ खास कमाल नहीं दिखाया, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने लंबी छलांग लगाई।अब कामकाजी दिनों में फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, योद्धा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19 करोड़ रुपये हो गया हैयोद्धा ने 4.1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और यह 5.75 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 7 करोड़ रुपये कमाए थे। दुसरी ओर अदा शर्मा की फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी ने बीते शुक्रवार यानी 15 मार्च को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन यह शुरुआत से दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। द केरल स्टोरी की सफलता के बाद इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म की कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब बस्तर की कमाई के चौथे दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें अब तक का सबसे कम कारोबार है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बस्तर ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 24 लाख रुपये का कारोबार किया था।

# मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं:डायना पेंटी



बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी ने इस बारे में बात की है कि कैसे वह हॉलीवुड स्टार केट मॉस और उनके ठाठ-बाट वाले फैशन की प्रशंसक हैं।

एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली डायना ने डिजाइनर जोड़ी चारू और वसुंधरा के लिए लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया।

उस फैशन आइकन के बारे में बात करते हुए, जिसे वह पसंद करती हैं, डायना ने कहा, मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह बेहद आकर्षक और सहज हैं और उनमें यह बोहो वाइब चल रहा है।

वह बहुत हॉट हैं। मुझे नहीं पता कि मैं स्क्रीन पर उनका किरदार निभा पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

इसके बाद डायना ने अपनी फैशन संवेदनशीलता के बारे में बात की और इसे न्यूनतम, सहज, आसान आरामदायक और आकर्षक बताया।

उन्होंने आगे कहा, यही मेरी भावना है। मेरे लिए आराम ही सब कुछ है। मैं उसी के अनुसार कपड़े पहनती हूं ताकि मैं अपने दिन के दौरान बेहद शांत, सहज और आरामदायक रह सकूं।

अभिनेत्री जल्द ही फिल्म सेक्शन 84 में सिने आइकन अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी, जिसका निर्देशन रिभु दासगुप्ता ने किया है, जिन्होंने इससे पहले 2014 में अमिताभ बच्चन को युद्ध और 2015 में टीई3एन में निर्देशित किया था।

# चुलबुल पांडे बनकर वापस आ रहे हैं सलमान खान!



एक बार फिर बड़े पर्दे पर चुलबुल पांडे धमाले मचाने के लिए तैयार हैं। सलमान खान की दबंग फ्रैंचाइजी के चौथे पार्ट को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस खुशी से झूम उठेंगे। खबरें हैं कि बहुत सलमना खान अब जल्द ही दबंग 4 लेकर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिनेता और निर्माता अरबाज खान ने की है।

अरबाज ने दबंग 4 को हरी झंडी दिखा दी है। उन्होंने कहा कि इस वक्त मैं और सलमान दोनों ही अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में बिजी चल रहे हैं। लेकिन सलमान खान एक बार फिर चुलबुल पांडे का किरदार निभाना चाहते हैं। सही समय आने पर हम फिल्म की घोषणा करेंगे और फिर शूटिंग शुरू होगी।

बता दें कि बीते दिनों खबरें आईं थी कि सलमान और अरबाज दबंग 4 के सिलसिले में जवान के निर्देशक एटली से मिले थे। वहीं अब बातचीत के दौरान अरबाज ने इन खबरों को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कि मैं एटली से कभी नहीं मिला हूं। जब तब मैं आगे से किसी बात की पुष्टि ना करूं, किसी को भी इन अफवाहों पर यकीन नहीं करना चाहिए। बता दें कि दबंग 3 बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। लेकिन फैंस फिर भी दबंग 4 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों को एक बार फिर से पर्दे पर चुलबुल पांडे को देखना है।

वहीं सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो सुपरस्टार ने हाल ही में अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि वे साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए। आर। मुरुगदौस और साजिद नाडियाडवाला के साथ ईद पर एक फिल्म लेकर आने वाले हैं। बता दें कि ए। आर। मुरुगदौस ने आमिर खान की फिल्म गजनी डायरेक्ट की थी। सलमान खान ने फिल्म का टाइटल तो रिवील नहीं किया, लेकिन खबरें आ रही हैं कि भाईजान अपने सुपरहिट फिल्म किक का अगला पार्ट लेकर आने वाले हैं।

इस सुपरस्टार के खाते में और भी कई फिल्में हैं। पिछले लंबे समय से सुपरस्टार अपनी फिल्म द बुल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके अलावा सलमान टाइगर वर्सेस पठान, बजरंगी भाईजान 2 और शेर खान में भी नजर आने वाले हैं।

# गर्भावस्था में संभलकर खेलें होली: डॉ0 सुजाता संजय

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। होली के रंग उत्साह देते हैं, जिंदगी को नई उमंग देते हैं। होली खुशियों और मस्ती से भरपूर त्यौहार है, लाजिमी है तो भला इस खुशी और उमंग से गर्भवती महिलाएं क्यों पीछे रहें। गर्भावस्था के दौरान भी महिलाएं रंगों से सराबोर होना और दूसरे को भिगोना चाहेंगी। इसमें कोई हर्ज नहीं है, मगर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि त्यौहार का मजा किरकिरा न होने पाए। होली एक ऐसा खुशियों और मस्ती से भरा हुआ त्यौहार है, जिसका हर कोई अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ लुत्फ उठाना चाहता है। वही गर्भवती महिलाओं को खान-पान का भी खास ख्याल रखना बेहद आवश्यक है। संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुजाता संजय का मानना है कि गर्भवती महिलाओं में प्रतिरोध क क्षमता कम हो जाती है, जिस कारण बीमारी और संक्रमण बढ़ जाते हैं। साथ ही वह ये भी मानती हैं कि गर्भावस्था के दौरान रासायनिक रंगों से होली खेलने से महिलाओं को शारीरिक तौर पर प्रभावित होना पड़ सकता है। ऐसे में रासायनिक रंगों से दूर रहना ही फायदेमंद होगा, क्योंकि ये पदार्थ एसिड, माइका, ग्लास पाउडर, लेड, बेंजीन तथा एरोमेटिक कंपाउंड के जरिए बनाए जाते हैं। कभी-कभी रंगों को बनाने के लिए डाई का भी इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे पदार्थ तंत्रिका तंत्र, गुर्दे तथा जनन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं।

डॉ0 सुजाता संजय कुछ सावधानी बरतने की सलाह देती हैं, ताकि गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य न बिगड़े और उनमें त्यौहार का उत्साह बना रहे। उनका कहना हैं कि सावधानी न बरतने पर



समय से पहले बच्चे का जन्म होना, जन्म के दौरान बच्चे के वजन में कमी तथा गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उनका सुझाव है कि गर्भवती महिलाएं हर्बल के रंगों से खेल सकती हैं, जो फलों तथा फूलों के द्वारा बनाई जाती है। याद रखें, होली खेलना एक तरह का मनोरंजन है। मगर गर्भवतियों को ध्यान रखना चाहिए कि अब सिर्फ आप नहीं हैं, आपके साथ एक नन्हीं जिंदगी भी है, जिसका पूरा ख्याल रखना है। होली खेलते वक्त पानी से दूर रहें, क्योंकि आप फिसल सकती है। फिसलने पर बच्चे के लिए बहुत सी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

डॉ0 सुजाता संजय साफ तौर पर शराब जैसी पदार्थ के सेवन को मना करती। यूं तो केमिकल युक्त रंग और मिलावटी मिठाइयां किसी के लिए खतरनाक हो सकती हैं पर गर्भवती महिलाओं को खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है ये चीजें गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे, दोनों ही के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। गर्भावस्था में रसायनयुक्त रंग काफी गंभीर असर डाल सकते हैं इनसे तंत्रिका तंत्र किडनी और रिप्रोडक्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंच सकता है गर्भवती महिला अगर इनके संपर्क में आती है तो उसे समयपूर्व प्रसव बच्चे के विकास से जुडी समस्याएं हो सकती हैं कई बार तो ये रंग और मिठाइयां गर्भपात का कारण भी बन सकते हैं।

होली खेलने के बाद अपने आपको पूरी तरह से साफ करें। लोग कई बार रंगों को साफ करने के लिए मिट्टी का तेल, नेल पेंट रिमूवर जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, मगर आपको ऐसा कुछ करने की जरूरत नहीं है। आप रंगों को हटाने के लिए बेसन का भी प्रयोग कर सकती हैं जो पूरी तरह प्राकृतिक है। अगर आप पर किसी ने गीला या रसायन युक्त रंग डाल दिया है तो तुरंत अपने चेहरे को साफ पानी से धोएं। रंगों को हटाने के लिए हर्बल चीजों का ही इस्तेमाल करें। रंग लगी त्वचा पर जलन, सूखापन तथा फुंसी हो जाए तो डॉक्टर से जांच करवाएं। अपनी आंखों को रंग व गुलाल से बचाएं।

# शहीद दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। समर्पण जन कल्याण संगठन द्वारा रजत जयंती वर्ष में 'शहीद दिवस' पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 270 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के कमान अधिकारी कर्नल रामाकृष्णन रमेश, नगर विधायक प्रदीप बत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सचिन गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अरोड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक, डॉक्टर संजीव अग्रवाल, डॉक्टर संजीव गर्ग, डॉक्टर विशाल, डॉक्टर सुरेंद्र कौशिक आदि सहित भारी संख्या में अतिथि उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया।

आज के रक्तदान शिविर में 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की, अंबुजा सीमेंट, अडानी सीमेंट, एसीसी सीमेंट, फोनिक्स ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, मदर टेरेसा ब्लड बैंक एवं अपोलो डायग्नोस्टिक लैब का विशेष सहयोग रहा। प्रातः 9 बजे से आरंभ हुए शिविर में निरंतर भारी संख्या में रक्तवीर पूरे उत्साह के साथ रक्तदान के लिए आते रहे जिसमें विशेषतर एनसीसी कैडेट्स रहे। शाम तक भी रक्तवीरों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। मुख्य अतिथियों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी या परेशानी नहीं होती है अपितु शरीर में नया रक्त बनने से शरीर सभी प्रकार की बीमारियों से दूर रहता है। संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव, महामंत्री प्रदीप गोयल एवं कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल ने बताया कि संस्था का यह रजत जयंती वर्ष है और संस्था का 25 वां वर्ष होने के कारण संस्था द्वारा 250 यूनिट रक्तदान का उद्देश्य रखा गया था। रक्तवीरों के सहयोग से उससे भी अधिक यूनिट संस्था रक्त एकत्र कर पाई। ब्लड बैंक, राजकीय चिकित्सालय, रुड़की की ओर से डॉक्टर रजत सैनी एवं मदर टेरेसा ब्लड बैंक की ओर से डॉक्टर नीलिमा सैनी का विशेष सहयोग शिविर में रहा व एनसीसी बटालियन के कार्यालय अधीक्षक प्रशिक्षण रवि कपूर के विशेष सहयोग से इतनी बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स रक्तदान हेतु उपलब्ध हो पाए।




## सू- दोकू क्र. 113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.112का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# भारतीय वैश्य महासंघ ने किया भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भारतीय वैश्य महासंघ देहरादून द्वारा शिवाजी धर्मशाला देहरादून में होली मिलन का भव्य कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर गले मिलकर होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय नरेश बंसल, प्रदेश अध्यक्ष माननीय विनय गोयल , प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद गोयल,महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल महानगर अध्यक्षा श्रीमती रीता अग्रवाल मीनाक्षी अग्रवाल वर्षा गोयल अनु गोयल अजय गर्ग सुध ीर अग्रवाल महावीर गुप्ता आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आने वालों का स्वागत प्रवेश द्वार पर मातृशक्ति द्वारा केसर का तिलक व गुलाल लगाकर व होली की बधाई देकर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ होली के पारंपरिक गीतों पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया प्रस्तुत किया गया जिसमें नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए गए

छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मासूम भावों से कार्यक्रमों कर सभी देखने वालों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए नरेश बंसल ने कहा कि होली का पवन पर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है'जिस प्रकार फाल्गुन मास में वृक्ष पुराने पत्ते त्याग कर नए पत्ते धारण करते हैं उसी प्रकार होली के दिन हम सब अपनी पुरानी बातों को त्याग कर दोस्ती का नया अध्याय शुरू करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा होली के समय तक खेतों में गेहूं,चना तथा सरसों आदि पक कर तैयार हो जाते हैं जिन्हें देखकर किसान प्रसन्न होता है, इसलिए होली का यह त्यौहार किसानों के लिए भी प्रसन्नता एवं खुशहाली का त्यौहार है। इस अवसर पर उन्होंने आने वाले चुनावों में सभी से अपना मतदान अवश्य करने का आग्रह किया।

भारतीय वैश्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने कहा कि होली रंग एवं उमंग का, हर्ष एवं उल्लास का, गीत एवं संगीत का,शाति एवं सोहार्द का, हास्य एवं व्यंग का तथा सभी गिले-शिकवे भूलकर गले मिलने का त्यौहार है।

भारतीय वैश्य महासंघ के प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद गोयल ने कहा कि यह महासंघ उत्तराखंड के सभी वैश्य बंधुओं को एकजुट कर उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य समाज वा राष्ट्रहित में लगाने का कार्य कर रहा है

महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा कि होली का पर्व आपस में प्यार से गले मिलने का पर्व है काम क्रोध मद लोभ की होली जलाने का पर्व है यह पर्व हमें आपस में मिल जुल कर रहना सिखाता है।

विवाह योग्य वैश्य युवक व युवतियों का परिचय सम्मेलन माह जून 2024 में देहरादून में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर सर्वश्री प्रदेश सरक्षक राजेंद्र गोयल मुख्य अतिथि माननीय नरेश बंसल प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल, महिला अध्यक्षा श्रीमती रीता अग्रवाल, महावीर प्रसाद गुप्ता, अजय गर्ग मीनाक्षी अग्रवाल वर्षा गोयल अनु गोयल राजेश गर्ग,डॉ मुकेश गोयल शिखर कुच्छल,संजय गुप्ता,संजय गर्ग, अनुराधा गर्ग जितेंद्र सिंघल पंकज कंसल माणिक गोयल अंकित अग्रवाल वंदना गोयल चारू गोयल वंदना अग्रवाल ममता गर्ग मनोज गोयल पवन गुप्ता पंकज जैन अभिनव गोयल संजय गुप्ता सचिन गुप्ता अनुज गुप्ता अजय गर्ग, सुधीर गोयल, विनित सिंघल,नीरज अग्रवाल, देवेंद्र गोयल, धन प्रकाश गोयल, संजय कुमार गर्ग अनु गोयल, तरुण लता गोयल, हेमलता गोयल, दीपा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भारतीय वैश्य महासंघ के श्री विनय गोयल एवं संचालन महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल एवं मीडिया प्रभारी संजय गर्ग ने संयुक्त रूप से किया।

# वृद्धा से जेवरात व एक लाख की ठगी में पांच महिलाओं सहित छह पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। घर में अकेली वृद्ध महिला से जेवरात व एक लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने पांच महिलाओं सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छिददरवाला निवासी प्रमोद पेटवाल ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कंचन सेमवाल पुत्री पुरषोत्तम दत्त सेमवाल रतनपुर नया गाँव देहरादून ने कुछ महिलाओ के सहयोग से उसके घर पर आयी और उसकी माता श्रीमति रेवती देवी ग्राम छिद्दरवाला को झाँसा देकर एक प्रायवेट कम्पनी मे ज्वाईन करने के बहाने से घर का सोना ज्वैलरी जिसमे 2 चैन, एक हार, 2 अगुठी, 2 झूमके, एक नथ व एक लाख नगद लेकर गयी जो कि इन्ही के द्वारा बैंक से निकलवा लेकर गये उसकी माता जी एक अनपढ महिला है जिसको पढना लिखना नही आता और उम्र 63 वर्ष है। जिन महिलाओ के सहयोग से कंचन सेमवाल ने ये धोखाधडी करी उनका नाम प्रमेश्वरी देवी निवासी छिद्दरवाला, पूजा देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह ग्राम साहबनगर छिद्दरवाला, सरिता देवी , ज्योति देवी एवं अजय सेमवाल रतनपुर नया गाँव देहरादून है। इन सभी लोगों की मिली भगत से उसके घर पर इन लोगो ने धोखाधडी उसकी गैरमौजूदगी मे की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# युवक का अपहरण कर मारपीट करने पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर उससे 15 हजार रूपये छीनने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहराखास निवासी रामनिवास गर्ग ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि भण्डारी बाग निवासी दीपक मित्तल उसका छोटा भाई दक्ष मित्तल पुत्र स्वर्ग सुनील मित्तल दीपक मित्तल का साला हिमाशु व अन्य इन लोगों ने मिलकर 21 मार्च 24 को उसके छोटे बेटे संजय गर्ग जो कि अपने परिचित नवनीत गुप्ता के साथ रीठा मंण्डी में खडा था उपरोक्त तीनो व अन्य साथियो ने गाली गलोच करी और उसको अपने साथ गाडी मे बैठाकर ले गये ओर पूरी रात उसके साथ मार पिटाई की. और गत दिवस दिन में छोडा गया और यह कहा कि यह बात किसी को बताई तो वह लोगं मिलकर उसको जान से मार देगे उसके बेटे से उन्होने कुल 15000 रूपये गूगल पे व कैश से लिये तब जाकर उसे घर भेजा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऑनलाईन वर्क के नाम पर ठगे 87 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। ऑनलाईन वर्क के नाम पर 87 हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनीपुर निवासी गौरव ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको उसके व्हटसएप पर एक नम्बर से मैसेज आता है और उसको कुछ पैसो का लालच देकर उसको ऑनलाईन वर्क के नाम पर कुछ टेलिग्राम लिंक देकर कुछ टास्क कम्पलिट करने को कहा जाता है और उसके द्वारा उस टास्क को कम्पलिट किया जाता है परन्तु फिर उसको प्रीपेड टास्क कम्पलिट करने को कहा जाता है और मे जाल में फसता चला जाता है। इसी तरह उसके साथ 87 हजार रूपये की ठगी कर ली गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# हरिद्वार जेल में खेली फूलों की होली, जमकर थिरके कैदी

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जिला जेल में धूमधाम से आज होली का पर्व मनाया गया। जेल प्रशासन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी और जेल अधीक्षक मनोज आर्य सहित बड़ी संख्या में कैदी शामिल हुए। जिला जेल में बंद कैदियों ने एक दूसरे के साथ जमकर फूलों की होली खेली। एक दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सभी कैदी होली के गीतों पर थिरकते भी नजर आए। होली मिलन समारोह के दौरान कैदियों में अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। हरिद्वार जेल अधीक्षक मनोज आर्य ने बताया कि जेल में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए सभी त्योहारों को ऐसे ही धूमधाम से मनाते हैं। उनका प्रयास रहता है कि कैदी अपनी पिछली जिंदगी को भुलाकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी ने कहा कि हरिद्वार जेल में जिस तरह से त्योहार मनाए जाते हैं, उसे देखते हुए वो इसे जेल नहीं बल्कि सुधार गृह ही कहेंगे। जेल अधीक्षक मनोज द्वारा त्योहारों को मनाने की पहल का भी वो स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि त्योहारों से कैदियों को बड़ी सीख मिलती है, वो बुराई का रास्ता छोड़कर अच्छाई की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

# प्रसुन्न जोशी व सात अन्य हस्तियों को दिया गया 5वां सरस्वती साधना सम्मान




संवाददाता

देहरादून। पांचवे सरस्वती सम्मान समारोह में प्रसन्न जोशी सहित आठ हस्तियों को 5वां सरस्वती साधना सम्मान दिया गया।

आज यहां गान सरस्वती पद्मविभूषण किशोरी अमोणकर की स्मृति में आयोजित पांचवें सरस्वती सम्मान समारोह में देश के जाने माने प्रसिद्द गीतकार साहित्यकार प्रसुन्न जोशी , शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में प्रसिद्द गायिका रुचीरा केदार, वाईलन वादक असगर हुसैन, पद्मविभूषण डॉक्टर सोनल मानसिंह, डॉक्टर योगी ऐरेन, डॉक्टर डीआर पुरोहित, संगीत की विभागाध्यक्ष रही स्मिता बहुगुणा व मंजू नारायण को वन मंत्री सुबोध उनियाल व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने शाल पहनाकर स्मृति चिन्ह व नकद राशि दे कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि संगीत हमारे जीवन में सुकून देता है व नए रंग भर देता है। उन्होंने कहा कि कलाश्रय द्वारा राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को उत्तराखंड में आमंत्रित करने का जो सिलसिला शुरू किया गया वो सराहनीय है। इस अवसर पर प्रसिद्द गीतकार प्रसुन्न जोशी ने गान सरस्वती किशोरी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे विलक्षण प्रतिभा की धनी ऐसी गायिका थीं जिनको सुन कर हमने संगीत की शिक्षा ली व सुरों व गायन की साधना सीखी। उन्होंने कहा कि भाषाओं में सर्वश्रेष्ठ अपनी मातृभाषा होती है और वो हर व्यक्ति के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने श्रोताओं व उपस्थित अतिथियों से अपना उत्तराखंड से रिश्ता गोपेश्वर में पड़े और उनको गर्व है कि उनकी जड़ें उत्तराखंड में हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कलाश्रय संस्था के संरक्षक सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कला व साहित्य समाज को जोड़ने का काम करती है और आज सैटलाइट युग में शास्त्रीय संगीत के कलाकारों को मंच पर बुला कर दर्शक व श्रोता जुटाने जैसा कठिन काम कलाश्रय कर रहा है यह बहुत सराहनीय काम है।

# संस्कार बाल केन्द्र में बच्चों ने खेली होली

संवाददाता

देहरादून। वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छु गुप्ता ने संस्कार बाल केन्द्र में बच्चों के साथ होली खेली।

आज यहां भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छु गुप्ता ने सेवा भारती महानगर द्वारा संचालित गुरु गोविंद सिंह बाल संस्कार केंद्र में एक अनूठी पहल करते हुए गोविंदगढ़ के आजाद कॉलोनी में चल रहे संस्कार बाल केंद्र पर बच्चों के साथ रंग गुलाल लगाकर होली खेली। लच्छू गुप्ता ने बच्चों को गुलाल, पिचकारी, और अन्य मिष्ठान भी बांटे। होली के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी एन जी ओ प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजक मधु जैन ने कहा बच्चों के लिए लच्छू गुप्ता ने इस बार दोहरी खुशियां लेकर आए हैं. ये बच्चे होली के दौरान जब दूसरे बच्चों को रंग और गुलाल से खेलते हुए देखते थे तो इन्हें इस बात का मलाल नहीं रहेगा कि इनके पास न तो पिचकारी है और न ही रंग नहीं है। इस मौके पर भाजाप प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सचिन गुप्ता ने बच्चों को समझाते हुए कहा एकता व भाईचारे का प्रतीक होली का त्यौहार सोमवार को उत्तराखंड में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा आज के दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर आपस में एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते हैं बच्चों को जानकारी देते हुए सुरक्षित होली कैसे खेली जाती है उसके बारे में बताया। कार्यक्रम में पहुंचे मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन को जब इन बच्चों के बारे में जानकारी लगी तो उन्होंने इनकी होली यादगार बनाने का फैसला लिया. जाकर वहां रहने वाले बच्चों को रंग-गुलाल और पिचकारी भेंट करते हुए उन्हें होली की बधाई दी, मायूस बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन विकाश शर्मा अध्यक्ष बबलू बंसल सेवा भारती के उपाध्यक्ष हरिशंकर अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंत्री रेखा निगम, पूर्व कोषाध्यक्ष पीएल सेठ, एनके गुप्ता बच्चों को शिक्षा दे रही शिक्षिका श्रीमती प्रीति कृष्णा देवी आदि मौजूद थे।

# जब तक पौड़ी का सम्मान नहीं, तब तक कोई मतदान नहीं: व्यापार सभा

हमारे संवाददाता

पौड़ी। 'जब तक पौड़ी का सम्मान नहीं, तब तक कोई मतदान नहीं'। पौड़ी में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापारियों ने कुछ इस अंदाज में चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है।




❑ व्यापारियों ने किया चुनाव बहिष्कार का एलान

राज्य में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में लोकतंत्र के चुनावी पर्व में राजनीतिक दलों और उनके प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर वोट मांगना शुरू कर दिया है। इस बीच मंडल मुख्यालय पौड़ी के व्यापारियों ने चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी जिला प्रशासन पौड़ी को दे दी है। व्यापारियों का कहना है कि राज्य गठन के 23 साल पूरे हो जाने के बावजूद आज भी मंडल मुख्यालय पौड़ी श्रीनगर से कई साल पीछे चल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि रोजगार की उचित व्यवस्था न होना पौड़ी में पलायन का प्रमुख कारण है। जिसके ऊपर किसी भी सरकार द्वारा कभी भी गंभीरता से कोई काम नहीं किया गया। जिसका नतीजा है कि आज पौड़ी उत्तराखंड के ऐसे जिलों में सबसे ऊपर है, जहां पर सबसे अधिक पलायन हुआ है। व्यापारियों ने कहा कि पलायन की मार से व्यापारी भी अछूते नहीं रहे। इसकी सबसे अधिक मार व्यापार पर पड़ी है। व्यापारियों ने साफ किया है कि वे आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने जा रहे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि पौड़ी शहर विकास से कई साल पीछे है। यहां न पार्किंग की सुविधा है और न ही कूड़ा निस्तारण की कोई ठोस रणनीति। इस कारण पौड़ी हमेशा उपेक्षा का शिकार रहता है। अगर विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों का ऐसा ही रवैया रहा, तो इसका विरोध किया जाएगा।

चुनाव बहिष्कार की इस घोषणा के बाद चुनाव प्रबंधन में जुटे सरकारी अमले की परेशानी बढ़ती हुई नजर आ रही है। वहीं इस पूरे मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने बताया कि पूरे मामले में स्वीप की टीम के माध्यम से व्यापारियों को समझाने का काम किया जाएगा। जिससे वे अपने पसंद के जनप्रतिनिधि को वोट डाल सके और जनप्रतिनिधि उनकी जो भी समस्या है उसका निस्तारण कर सकें।

## एक नजर

# 'मतदान से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करें'




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्य में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत आवश्यकताओं एवं भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिये हैं।

**❑मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये निर्देश**

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में 12 पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं। इन पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से मतदान से तीन दिन पहले रवाना कर दी जाएंगी। जिन पोलिंग स्टेशन पर तीन दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी जाएंगी उनमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी जनपद और एक पिथौरागढ़ जनपद में है। उत्तरकाशी जनपद के पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशन पुरोला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कलाप, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लिवाड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कासला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राला, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय फिताड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओसला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पवाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगाड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेवा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय हडवाडी हैं, जबकि पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कनार भी पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशन में शामिल है।

पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री लेकर तीन दिन पहले पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना होंगी। पहली रात को मतदान कर्मी सरकारी भवन में ठहर सकेंगे। इसकी जानकारी उन्हें सभी राजनीतिक दलों के लोगों को देनी होगी। ताकि वह ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के बारे में निगरानी रख सकें। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता को मतदान का अधिकार मिले, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए निकटवर्ती स्थानों पर मतदान केंद्र बनाए हैं। ये वो पोलिंग स्टेशन हैं जो बर्फीले, अति विषम भौगोलिक परिस्थितियों और पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित हैं।

## बसपा ने 16 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की

लखनऊ। देश में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। ऐसे में सभी सियासी दल तैयारियों में लगे हुए हैं। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी ने ने 16 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की है। बसपा ने अमरोहा लोकसभा सीट मुदाहिद हुशैन को चुनावी मैदान में उतारा है, जो बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सांसद और कांग्रेस के मौजूदा लोकसभा कैंडिडेट्स दानिश अली को टक्कर देंगे। वहीं, सहारनपुर लोकसभा से माजिद अली को टिकट दिया है, जहां, कांग्रेस के नेता इमरान मसूद मैदान में हैं।



सबसे खास बात यह है कि बीएसपी ने 16 सीटों में से 7 मुस्लिमों को अपना कैंडिडेट्स बनाया है। मुरादाबाद- मोहम्मद इरफान सैफी , रामपुर- जीशान खान, सम्भल- शौलत अली, अमरोहा- मुजाहिद हुसैन , सहारनपुर- माजिद अली, कैराना- श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर- दारा सिंह प्रजापति , बिजनौर- विजेन्द्र सिंह , नगीना - सुरेन्द्र पाल सिंह, , मेरठ- देववृत त्यागी , बागपत- प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर- राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलन्दशहर - गिरीश चन्द्र जाटव , आंवला- आबिद अली, पीलीभीत- अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, शाहजहांपुर- डा। दोदराम वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है।

# राज्य में 1671 सरकारी विद्यालयों में लटका ताला

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के भले ही हमेशा से दावे किए जाते रहे हो, लेकिन हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते ही जा रहे हैं। विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के सरकारी स्कूल लगातार छात्रविहीन हो रहे हैं। हाल यह है कि 1,671 सरकारी विद्यालयों में ताला लटक गया है, जबकि अन्य 3573 बंद होने की कगार पर पहुंच चुके हैं।

बताया जा रहा है कि 102 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें हर स्कूल में मात्र एक-एक छात्र अध्ययनरत हैं। प्रदेश में एक अप्रैल 2024 से नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन इस सत्र के शुरू होने से पहले ही राज्य के कई विद्यालयों में ताला लटक गया है। शिक्षा महानिदेशालय ने हाल ही में राज्य के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों से जिलों में बंद हो चुके विद्यालयों की रिपोर्ट मांगी थी।



**❑3, 573 विद्यालय बंद होने की कगार पर**

जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार सरकारी विद्यालय छात्रविहीन होने से लगातार बंद हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 3,573 विद्यालयों में छात्र संख्या 10 या फिर इससे भी कम रह गई है। इसमें सबसे अधिक 785 स्कूल पौड़ी जिले के हैं, जबकि सबसे कम तीन स्कूल हरिद्वार जिले के हैं। राज्य में पौड़ी एकमात्र ऐसा जिला है, जिसमें सबसे अधिक 315 स्कूलों में ताला लटक चुका है, जबकि ऊधमसिंह नगर जिले में सबसे कम मात्र 21 स्कूल बंद हुए हैं। छात्र न होने की वजह से राज्यभर में 1,671 स्कूल बंद हो चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अल्मोड़ा जिले में 197, बागेश्वर में 53, चमोली में 133, चंपावत में 55, देहरादून में 124, हरिद्वार में 24, नैनीताल में 82, पौड़ी में 315, पिथौरागढ़ में 224, रुद्रप्रयाग में 53, टिहरी गढ़वाल में 268, ऊधमसिंह नगर में 21 और उत्तरकाशी जिले में 122 स्कूलों में ताला लटक चुका है।

प्रदेश की बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए प्रयोगशाला बनी हैं। पूर्व में अटल उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल विद्यालय, क्लस्टर विद्यालय आदि के रूप में कई प्रयोग किए जा चुके हैं, जबकि अब शिक्षा में फिनलैंड मॉडल अपनाने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर मंत्री के साथ विभागीय अधिकारियों की एक टीम चार दिन फिनलैंड और स्विटजरलैंड का दौरा कर चुकी है।

## चोरी और सीनाजोरी के मामले में मुकदमा दर्ज



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पुरानी कहावत हैं कि एक तो चोरी और ऊपर से सीनाजोरी। शुक्रवार को बिल्वकेश्वर स्थित बस्ती में इसी कहावत को चरितार्थ करते देखा गया है।

बता दें कि शुक्रवार की शाम बिल्वकेश्वर मार्ग स्थित बस्ती के लोगों द्वारा होलिका के लिए वन क्षेत्र से प्रतिबंधित लकड़ियां लाई गई थी। वनकर्मी वन क्षेत्र से होली के लिए लाई गई लकड़ी उठाने मौके पर पहुंचे थे। जिसके बाद होली लगाने वाले युवाओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी वनकर्मियों की कार्रवाही का विरोध शुरू कर दिया। वनकर्मियों के साथ गाली-गालौज करने के साथ-साथ जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाया गया। हंगामा बढ़ा तो सूचना पर पुलिस भी पहुंची और जैसे-तैसे मामला शांत कराया गया। बस्ती में होली लगाने वाले युवाओं ने पहले होली के लिए चोरी से बस्ती से सटे प्रतिबंधित वन क्षेत्र से लकड़ी काटी और जब विभागीय वनकर्मियों ने चोरी पकड़ ली तो मौहल्ले के युवाओं ने चोरी के ऊपर से सीनाजोरी करनी शुरू कर दी। वन विभाग के सख्त एक्शन के चलते वन क्षेत्र से लकड़ी चोरी कर सीनाजोरी करना अब भारी पड़ने जा रहा हैं। मामले में वन विभाग की ओर से कोतवाली में तहरीर दिए जाने के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हो गया हैं। वनकर्मी ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## 14 पेटी शराब सहित तीन तस्कर दबोचे

हमारे संवाददाता

चमोली। शराब तस्करी में लिप्त तीन लोगों को एसआजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार किया हैं। जिनके कब्जे से 14 पेटी शराब व तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता बनाये रखने व होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु चमोली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए संपूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही अवैध नशे का कारोबार कर चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जारी है। इसी क्रम में एसओजी व कोतवाली चमोली की संयुक्त टीम द्वारा एक सूचना के बाद कोठियालसैण-नन्दप्रयाग सड़क मार्ग पर बालखिला पुल के पास चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रकाश सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम कंडेरी कोतवाली चमोली व अभिषेक रावत पुत्र राकेश रावत निवासी बडागॉव जोशीमठ को तस्करी में प्रयुक्त व 10 पेटी अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



वही दूसरी ओर थाना चमोली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेंद्र वर्मा पुत्र रामबोहर निवासी ग्राम अगथला पीपलकोटी थाना चमोली को सेमलडाला पार्क के पास से 4 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## मोटरसाईकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज, मोटरसाईकिल सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बापू ग्राम वीरभद्र निवासी समीर पोखरियाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता सोहन लाल बाजार से पैदल घर की तरफ आ रहे थे जब वह गीतानगर गली हरिद्वार रोड पर पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे मोटरसाईकिल सवार ने उनको टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मोटरसाईकिल सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*